दिनांकः 02.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य विधानसभा के कल से शुरू होने वाले सत्र से पहले आज कैबिनेट मीटिंग–सर्वदलीय और भाजपा विधायक दल की बैठक भी आज।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए परम्परागत खेती में बदलाव पर दिया ज़ोर।
- नए आपराधिक कानूनों के तहत प्रदेश के विभिन्न थानों में मामले दर्ज होना शुरू।
- करौली में डूंडापुरा मोड़ के पास सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत।

राज्य विधानसभा का सत्र कल से शुरू हो रहा है। इससे पहले आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय में पहले कैबिनेट और उसके बाद मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जाएगी। विधानसभा सत्र में रखे जाने वाले विधेयकों पर विचार विमर्श कर उन पर कैबिनेट और मंत्रिपरिषद बैठक में मुहर लगायी जाएगी। सत्र से पहले आज शाम को विधानसभा में सर्वदलीय बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी प्रमुख दलों के नेता मौजूद रहेंगे। बैठक के बाद कार्य सलाहकार समिति की बैठक होगी, जिसमें विधानसभा का बिजनेस तय किया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री निवास पर भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। इसमें विधानसभा सत्र को लेकर भाजपा अपनी रणनीति तय करेगी। इससे पहले, आज मुख्यमंत्री सुबह दस बजे भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होंगे।

प्रदेश में पांच विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर भाजपा ने कल देर शाम प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, पूर्व मंत्री अरूण चतुर्वेदी और प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी को दौसा का प्रभार सौंपा गया है। मंत्री अविनाश गहलोत, सुमित गोदारा, प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी और विधायक गोवर्धन वर्मा को झुंझुनूं की जिम्मेदारी दी गयी है। मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, सुरेश रावत, विधायक बाबूसिंह राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया और अशोक सैनी को खींवसर में लगाया है।

देवली–उनियारा में मंत्री हीरालाल नागर, पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल और ओम प्रकाश भडाना तथा चौरासी में मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक श्रीचंद कृपलानी, प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह, मिथिलेश गौतम और महेश शर्मा को प्रभारी नियुक्त किया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए परम्परागत खेती में बदलाव पर ज़ोर दिया है। उन्होंने कहा कि किसान की समृद्धि के बिना देश और प्रदेश समृद्ध नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि बदलते हुए जमाने में किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती करनी होगी। श्री शर्मा कल कोटपुतली–बहरोड़ जिले के भांकरी गांव में, संशोधित पार्वती–काली सिंध–चंबल लिंक परियोजना–ईआरसीपी में विराटनगर क्षेत्र को शामिल करने पर आयोजित आभार और अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों और कृषि वैज्ञानिकों को उन देशों में भेजेगी, जहां पर उन्नत तकनीक का इस्तेमाल कर खेती की जाती है। वहां से खेती के नए तौर तरीके सीख कर यहां के किसान अपनी उपज बढ़ा सकेंगे।

कोटा विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र समारोह में शिरकत करेंगे। हमारे कोटा संवाददाता ने बताया कि समारोह में वर्ष 2021 की

परीक्षा में विभिन्न संकायों और विषयों में मेरिट प्राप्त करने वाले तथा पीएचडी धारकों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

.............

नये आपराधिक कानूनों के लागू होने के साथ ही प्रदेश में इसके तहत मामले दर्ज होना शुरू हो गये हैं। पाली जिले के सादड़ी थाना में नए कानून भारतीय दंड संहिता के तहत प्रदेश का पहला मामला कल सुबह 10 बजकर 22 मिनट पर दर्ज किया गया है। पीड़ित के साथ खेत से ट्रैक्टर निकालने की बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद उसकी पिटाई की गई। पुलिस ने बताया कि बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

उधर, दौसा के लालसोट थाने में भी एक महिला की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता–बीएनएस 2023 के तहत और हनुमानगढ़ जिले में भी बीएनएस के तहत पहला मामला जंक्शन थाने में दर्ज किया गया। बारां शहर के कोतवाली और छबड़ा थाने पर बीएनएस के अंतर्गत अलग–अलग दो मुकदमे दर्ज हुए हैं। इधर, राजधानी जयपुर में नए कानूनों के तहत मुकदमा दर्ज करने और अनुसंधान में सहयोग के लिए जयपुर कमिश्नरेट में हेल्प डेस्क बनायी गई है, जो चौबीस घंटे काम करेगी। इसके लिए एडिशनल डीसीपी विनोद कुमार सीपा के नेतृत्व में टीम गठित की गयी है।

करौली में डूंडापुरा मोड़ के पास कल शाम जीप और ट्रक की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गये। जिला पुलिस अधीक्षक ब्रजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि तेज रफ्तार जीप और ट्रक की आमने–सामने की टक्कर से ये दुर्घटना हुई। सूचना मिलने पर सभी घायलों को करौली के जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने नौ लोगों को मृत घोषित कर दिया।

.............

उधर, भरतपुर जिले में कल शाम दो अलग–अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गोडावण और विभिन्न वन्यजीवों के संरक्षण लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित विशेषज्ञ समिति जैसलमेर के मरू उद्यान क्षेत्र का भ्रमण कर रही है। दो दिवसीय दौरे पर आई समिति ने कल पहले दिन रामदेवरा ब्रीडिंग सेंटर का विजिट किया। समिति ने यहां से गुजर रही हाइटेंशन लाइनों को अंडरग्राउंड करने के विकल्पों पर चर्चा की। साथ ही गोडावण संरक्षण की संभावनाओं को तलाशा। समिति दौरे के बाद अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी।

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए में मजबूत तंत्र विकसित करने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों से सुझाव और प्रतिक्रिया मांगी हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से परीक्षा प्रक्रिया में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना और कार्यप्रणाली पर सुझाव और विचार मांगे हैं। सुझाव 7 जुलाई तक भेजे जा सकते हैं।

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए फिर से आवेदन करना होगा। प्रारंभिक परीक्षा के अंक, कट ऑफ मार्क्स और उत्तर, आयोग की वेबसाइट पर सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद, अपलोड किए जाएंगे।